तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 28.0 डिग्री

हरिभूमि
जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 5 जुलाई 2024

10 पीपीपी में आय कम करवाने के लिए शपथ पत्र....

10 आत्मनिर्भर बनने के लिए महिलाएं स्वरोजगार अपनाएं

खबर संक्षेप

पिस्तौल-जिंदा कारतूस के साथ एक गिरफ्तार

जींद। सीआईए स्टाफ ने मीट मार्केट के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से पिस्तौल तथा जिदा कारतूस बरामद किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि मीट मार्केट के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस ने युवक को काबू कर लिया।

सड़क दुर्घटनाओं में 18 वर्षीय युवक की मौत

कैथल। सड़क दुर्घटनाओं में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि 55 वर्षीय व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने आरोपी चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले में गांव हरिगढ़ किंगन निवासी सुरेंद्र सिंह ने चीका थाना में शिकायत दी कि दो जुलाई को उसका 18 वर्षीय भतीजा जतिन अपने कार में सवार होकर चीका से अपने गांव जा रहा था।

ब्लैकमेल करके ऐंठे 2.62 लाख, धोखाधड़ी का केस

जींद। व्हाट्सएप कॉल कर अश्लील वीडियो बना ब्लैकमेल कर दो लाख 62 हजार रुपये हडपने का मामला सामने आया है। साइबर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है अलेवा थाना इलाके के एक व्यक्ति ने पुलिस को शिकायत दी है।

विदेश भेजने के नाम पर ठगी का आरोपित दबोचा

कैथल। विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये धोखाधड़ी करने के मामले की जांच चौकी रामथली पुलिस के एएसआई सुभाष चंद्र की टीम द्वारा करते आरोपी सेक्टर 4 पंचकूला निवासी अमित खासा को काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रामथली निवासी ऋषिपाल की शिकायत अनुसार वह उनके गांव के मंदिर के महंत शंकरपुरी गुरु कमल पुरी को जानता था।

कंटेनर ने एंबुलेंस को मारी टक्कर, केस दर्ज

जींद। गांव पिंडारा रेलवे पुल पर तेज रफ्तार कंटेनर ने एंबुलेंस को टक्कर मारने पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने फरार कंटेनर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एंबुलेंस चालक गोहाना निवासी सतेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गांव सिवानामाल पीएचसी में चालक पद पर ड्यूटीरत है।

प्रताड़ित करने के आरोप में पति, सास और ससुर काबू

कैथल। थाना पूंडरी क्षेत्र की एक बेटी के साथ दहेज के लिए मारपीट कर उसे प्रताड़ित करने के आरोप में थाना पुंडरी पुलिस के एएसआई राकेश कुमार द्वारा पीड़िता के पति अमित कुमार, सास बिमला देवी व ससुर वेदप्रकाश निवासी डिफैंस कालोनी कैथल को गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़िता द्वारा पुलिस को दी शिकायत अनुसार पीड़िता की शादी 4 नवंबर 2022 को अमित उपरोक्त के साथ हुई थी।

कर्नल सुरेश ने पत्नी के साथ एवरेस्ट बेस कैंप तक पहुंचने के सपने को किया साकार

जींद। गांव दालमवाला के कर्नल सुरेश कुमार भारद्वाज (62) और सुनीता भारद्वाज (56) ने एवरेस्ट बेस कैंप और चोला दर्रा तक ट्रैकिंग कर उपलब्धि हासिल की है। भारद्वाज ने लंबे समय से एवरेस्ट बेस

कैंप तक पहुंचने का सपना देखा था। अपने परिवार और जिम प्रशिक्षकों के सहयोग से उन्होंने 18 दिन की यात्रा शुरू की और इसे 17 दिनों में पूरा किया। वयोवृद्ध जोड़े ने ट्रेक को एक आश्चर्यजनक अनुभव बताया। जिसमें लुभावने पहाड़ी दृश्य, विश्व प्रसिद्ध पर्वतारोहियों (शेरपा) के जीवन की झलक और ऐतिहासिक टेंगबोचे मठ 3,867 मीटर सहित उच्च ऊंचाई वाले बौद्ध मठों का दौरा शामिल है। उन्होंने एवरेस्ट क्षेत्र में लुप्त प्राय वनस्पतियों और जीवों को भी देखा। ओपन हार्ट बाईपास सर्जरी से गुजरने के बावजूद कर्नल भारद्वाज का बिना किसी जटिलता के ट्रेक पूरा करना उनके साहस और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है। सुनीता भारद्वाज ने राजसी हिमालय के माध्यम से ट्रेक को चुनौतीपूर्ण लेकिन आकर्षक यात्रा के रूप में सराहा। वे काला पत्थर (5,545 मीटर) पर भी चढ़े, जहां से पहाड़ों का मनमोहक मनोरम दृश्य दिखाई देता था।

जींद में औसतन 24.1, जुलाना में 60 ,कैथल में 20 एमएम बरसात

बरसात से धरतीपुत्रों की पौ बारह अमृत बन गिरी बारिश की बौछार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर में कई स्थानों पर जलभराव, गर्मी तथा उमस से मिली राहत

जिले में मानूसन की बारिश ने गर्मी तथा उमस से राहत दिलाने के साथ किसानों की भी पौ बारह कर दी है। खेतों में बारिश की बौछार अमृत बन कर गिरी। बारिश ने उन फसलों को भी संजीवनी देने का कार्य किया है, जो पहले बीजी तथा रोपी गई थी। वहीं शहरी इलाकों में बारिश से कुछ स्थानों पर जलभराव होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। दिनभर मौसम सुहाना बना रहा। वीरवार का अधिकतम तापमान 32 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 28 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 75 प्रतिशत तथा हवा की गति 13 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई।

मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में आकाश में बादल छाए रहने तथा बारिश के आसार हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान जिले में औसतन 24.1 एमएम बारिश दर्ज की गई है। सबसे 'यादा बारिश जुलाना खंड में 60 एमएम दर्ज की गई है। जींद में 27 एमएम, नरवाना में 10 एमएम, सफीदों में दो एमएम, अलेवा में 50 एमएम, उचाना में 11 एमएम, पिल्लूखेड़ा में नौ एमएम बारिश दर्ज की गई। वीरवार को दिन का आगाज आकाश में छाए बादलों तथा बुंदाबांदी के साथ हुआ। जिसके बाद बादल और 'यादा गहरे हो गए। जिसके साथ बारिश शुरू हो गई। लगभग पौना घंटा चली बुंदाबांदी तथा बारिश से शहर मे कुछ स्थानों पर जलभराव के हालात पैदा हो गए। नरवाना रोड, पटियाला चौक, रोहतक रोड, चक्कर रोड, अर्बन एस्टेट, हाउसिंग बोर्ड, एसपी कार्यालय के सामने बारिश का पानी जमा हो गया। दोपहर तक कुछ स्थानों का पानी उतर गया लेकिन नरवाना रोड पर बारिश का पानी खड़ा रहा। जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना पड़ा।

जींद। नरवाना रोड पर जमा बारिश के पानी के बीच से गुजरते वाहन।

फसलों को फायदा

मौसम वैज्ञानिक डा. राजेश ने बताया कि बारिश ने गर्मी तथा उमस से राहत दिलाई है। फसलों को भी अच्छा फायदा पहुंचा है। आगे भी बारिश के आसार हैं। आकाश में बादल छाए रहने के साथ बारिश की संभावना है।

बरसात से धान की रोपाई तेज

कैथल। वीरवार सुबह हुई बरसात ने लोगों ने गर्मी से राहत दिलाई है। बरसात किसानों के लिए वरदान साबित हुई है। किसानों ने बारिश होते ही खेतों में धान की रोपाई तेज कर दी। ऐसे में अगर आगे भी अच्छी बारिश होती है तो फसल भी अच्छी होती है। किसान गुरजीत कुमार, राजेश कुमार, जयप्रकाश, राममेहर, सतीश कुमार, दलबीर ने बताया कि बारिश से उम्मीद जगी है कि अब अच्छी बारिश होगी। इससे धान लगाने में देरी नहीं होगी। बता दें कि बरसात जहां लोगों के लिए गर्मी से राहत लेकर आई वहीं यह शहरवासियों के लिए आफत भी बनी। जिलेभर में औसतन 20 एमएम बारिश दर्ज की गई है। बारिश से शहर की सडकें पानी से लबालब हो गई। भगत ङ्घसह चौक, कबूतर चौक, माता गेट, चंदाना गेट, पिहोवा चौक, अंबाला रोड, ढांड रोड, अमरगढ़ गामड़ी, एसबीआई रोड, करनाल रोड, सहित अन्य कई कॉलोनियों की गलियों में जलभराव की स्थिति बन गई। इससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा और सडकों पर जाम की स्थिति बनी बनी। सडक पर एक से डेढ़ फीट पानी भर गया। जिससे स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ा रहा। वहीं खुराना रोड स्थित चौक पर डेढ़ घंटे से जाम लगा रहा। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस कर्मचारियों व आसपास के लोगों ने पहुंचकर जाम खुलवाया। दुकानदार सुरेंद, कर्मबीर, ओमप्रकाश, पवन, अशोक ने कहा कि प्रशासन को शहर में पानी निकासी के प्रबंध करने चाहिए।

उचाना: कहानी मंडी में भरा बरसात का पानी

उचाना। बारिश के बाद फिर से वही कहानी मंडी में भरा बारिश का पानी। मामूली बारिश के बाद ही मंडी में पानी भर जाता है। ऐसा नहीं है कि ये अभी से हो रहा है बल्कि कई सालों से ऐसा हो रहा है। बारिश होते ही मार्केट कमेटी कार्यालय के आस.पास चौक पर पानी भर जाता है। यहां पर पानी निकासी को लेकर ड्रेन बनाए जाने के बाद भी पानी की निकासी देर से होती है। यहां सबसे बड़ी समस्या पानी निकासी को लेकर बनाई गई ट्रेन के जो लोहे के मेनजाल है वो कई जगहों से टूट है। बारिश का पानी भरने के बाद ये दिखाई नहीं देते है। ऐसे में अनजान व्यक्ति फड के सहारे पैदल या बाइक से गुजरे तो यहां गिर चोटिला हो सकता है। बीते दिनों मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारीए कर्मचारियों ने निरीक्षण भी किया था लेकिन अब भी लोहे के नए जाल नहीं लगाए गए है। मार्केट कमेटी सचिव संदीप कासनिया ने कहा कि मार्केटिंग बोर्ड को इसको लेकर पत्र लिखा गया है। फड का लेबल ऊंचा होने के चलते बारिश का पानी सड़क पर भर जाता है।

कलायत। मेडिकल हाल में जांच करती सीएम फ्लाइंग व सेहत विभाग की टीम के सदस्य।

ड्रग इंस्पेक्टर ने दुकान से दवाओं के सेंपल लिए

- सीएम फ्लाइंग व स्वास्थ्य विभाग की टीम की मेडिकल स्टोर पर रेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

सीएम फ्लाइंग टीम व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से कलायत के एक मेडिकल हाल पर छापा कार्यवाही की। सीएम फ्लाइंग टीम के प्रभारी डीएसपी रवींद्र शर्मा ने बताया की पिछले काफी लंबे समय से कलायत से शिकायतें मिल रही हैं कि यहां बिना किसी डिग्री के मेडिकल प्रेक्टिस की जा रही हैं। विभाग ने इससे पूर्व भी कार्यवाही के लिए जाल बिछाया था। अब विभाग के हैड आफिस में उक्त प्रेक्टिशनर के खिलाफ भेजी गई शिकायत जांच के लिए उनके कार्यालय में आई थी। शिकायत को आधार बना कर सीएम फ्लाइंग टीम ने स्वास्थ्य विभाग को साथ लेकर जांच की कार्यवाही को अंजाम दिया। उन्होंने बताया की टीम में सीएम फ्लाइंग की और से इंस्पेक्टर बिजेंद्र सहारण, एसआई सतपाल व कांस्टेबल भगवान सिंह के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग की तरफ से डा.सुनील जांगडा, जिला ड्रग इंस्पेक्टर चेतन वर्मा व जिला आयुर्वेद अधिकारी डा.प्रदीप को शामिल किए गया। सभी अधिकारियों ने दुकान में पूरी तरह से छानबीन की और मेडिकल प्रेक्टिस करने का लाइसेंस मांगा। प्रेक्टिशनर की तरफ से जो दस्तावेज प्रस्तुत किए गए वे जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ने अपने कब्जे में ले लिए। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी ने बताया की जो सर्टिफिकेट उन्हें दिए गए हैं उनको संबंधित संस्था के पास जांच के लिए भेजा जा रहा है। जांच में यदि वे फर्जी निकलते हैं तो उक्त प्रेक्टिशनर के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करवाई जाएगी। जिला ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा दुकान से अनेक दवाओं के सेंपल भी लिए।

सीएम फ्लाइंग ने मत्स्य विभाग का किया निरीक्षण

जींद। सीएम फ्लाइंग ने वीरवार का मत्स्य विभाग का औचक निरीक्षण किया। विभाग कर्मियों की हाजिरी तथा रिकार्ड को जांच कर मछली पालन के तालाबों का भी जायजा लिया। लगभग पांच घंटे चले निरीक्षण की विस्तृत रिपारेट बना कर सीएम फ्लाइंग ने मुख्यालय को भेज दी है। सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि मछली पालन करने वाले किसानों का सरकारी योजनाओं का लाभ सही नही मिल रहा है। जिसके आधार सीएम फ्लाइंग के डीएसपी रविंद्र कुमार के नेतृत्व में मछली विभाग में दस्तक दी। टीम में एसआई बिजेंद्र सिंह, चरण सिंह, एएसआई कर्मबीर सिंह शामिल हुए।

अनुबंधित विद्युत कर्मियों का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

- अधिक्षक अभियंता और डीसी के माध्यम से सीएम को भेजा ज्ञापन

अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ ने वीरवार को लघु सचिवालय में प्रदर्शन कियाय और मांगों को लेकर अधीक्षक अभियंता व डीसी के माध्यम से सीएम को संबांधित ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व जिलाध्यक्ष लोकेश भ्याण ने किया व मंच सचालन जिला सचिव महेंद्र शर्मा ने किया। प्रदेश सचिव सुभाष शर्मा, जिला मंत्री विनोद शर्मा, राजगुरु वशिष्ठ ने प्रदर्शन से पहले कर्मचारियों को संबोधित करते कहा कि आज बिजली विभाग का सारा बोझ अनुबंधित कर्मचारीयों के कंधे पर है। प्रदेश में किसी भी समय बाढ़, करोना काल, भीष्ण गर्मी, सर्दी में भी बिजली सेवा सुचारु रूप से चले, इसलिए कार्य करते हुए अभी तक पूरे प्रदेश में दर्जनों अनुबंधित कर्मचारी अपनी जान गवां चुके हैं। सैंकड़ों कर्मचारियों के अंग भंग हो चुके हैं। अपनी जान पर खेल कर काम करने वाले अनुबंधित कर्मचारियों को सरकार एवं विभाग की तरफ से बहुत कम वेतन और नाममात्र सुविधा मिलती है। जिससे संगठन में भारी रोष है। कहा कि संगठन कि मुख्य मांग है कि सरकार द्वारा रेग्यूलर पॉलिसी बनाई जाए, जिसमें विद्युत विभाग के सभी कर्मचारियों को शामिल किया जाए। इसके साथ-साथ कैशलेस मेडिकल पॉलिसी, रिस्क अलाउंस, ग्रेच्युटी, एलटीसी और बोनस के अलावा खेदड़, मुनानगर थर्मल में कार्यरत कर्मचारी जिनको लेकर 12 जून 2023 को जो समझौता मैनेजमेंट के साथ हुआ था उसे लागू करने एवं अन्य मांगे शामिल हैं। कहा कि अगर सरकार ने समय रहते संघ के साथ बैठक बुला कर मांगों को पूरा नहीं किया तो संगठन आगामी कार्यक्रम पांच जुलाई से 15 जुलाई तक सभी विधायकों, सांसदों, मंत्रियों को ज्ञापन देने का रहेगा।

विदेश भेजने के नाम पर युवक से ठगे 34 लाख

कैथल। युवक को अमेरिका भेजने के नाम पर पांच आरोपियों ने 34 लाख ठग लिए। रुपये लेकर अमेरिका की बजाय नेपाल भेजकर वहां बंधक बना लिया और घर पर जबरदस्ती फोन करवाया कि वह अमेरिका पहुंच गया है। बाद में नेपाल पुलिस ने उसको आरोपियों से छुड़वाया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव हरनामपुरा जिला जींद निवासी प्रतीक ने सदर थाना में शिकायत दी कि वह विदेश जाना चाहता था। इसके लिए उसने अपने ताऊ राजेश के साथ जाकर गांव बादड़ जिला पानीपत निवासी रोहताश से बातचीत की। रोहताश ने उसको अमेरिका भेजने के लिए 38 लाख मांगे तो उन्होंने हां कह दिया। इस पर रोहताश ने उनके परिवार से उसके दस्तावेज ले लिए। 17 जनवरी को रोहताश ने उसे दिल्ली से दुबई भिजवा दिया और 10 दिन बाद दुबई से नेपाल भिजवा दिया। सात फरवरी को नेपाल में उसके पास आरोपी रोहताश का भेजा आदमी आया और उसका पासपोर्ट ले लिया था।

सीवरेज ठेकेदार की लापरवाही से भागल गांव के लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

गुहला उपमंडल के गांव भागल में सीवरेज बिछाने का कार्य अन्तिम समय में है परंतु इस दौरान जिस ठेकेदार पर सीवरेज बिछाने का ठेका है, वह बहुत लापरवाही बरत रहा है और सीवरेज के पाइप दाबने के बाद सही ढंग से मिट्टी नहीं डाल रहा है, जिससे लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। लोगों का कहना है कि चालकों को भारी किल्लत का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि पलटने का डर रहता है। मालूम रहे कि गांव भागल में पिछले करीब 10 महीनों से सीवरेज की पाइप लाइन बिछाने का कार्य चल रहा है। लेकिन ठेकेदार द्वारा पाइप लाइन बिछाने के बाद उन गढ्ढों को भरने के नाम पर केवल खानापूर्ति ही की जा रही है, जिस कारण गढ्ढों में धंसने से कई घटनाएं घट चुकी है, जिनमें स्कूली बच्चों से खचाखच भरी बसों की घटनाएं भी शामिल है। गांव के लोगों का कहना है कि ऐसा नहीं है कि इन घटनाओं का प्रशासन को पता नहीं है। लेकिन कथित रूप से ठेकेदार की ऊंची पहुंच के चलते शायद कोई भी अधिकारी कार्यवाई करने से बच रहा है। लोगों ने मांग की है कि वे सम्बन्धित अधिकारियों को आदेश दिया जाए।

पैसों के लेनदेन को लेकर जहर निगल कर दी जान

जींद। गांव अहिरका के निकट नरवाना रोड से गांव जुलानी जाने वाले रास्ते पर एक व्यक्ति ने संदिग्ध हालात में जहरीला पदार्थ निगल कर आत्महत्या कर ली। मृतक द्वारा सुसाइड नोट छोड़ा गया है। जिसमें रुपयों का लेनदेन का जिक्र किया बताया जा रहा है। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शव गृह में रखवाया गया है। सदर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव जुलानी निवासी राजकुमार (63) को वीरवार शाम को जहर के प्रभाव से नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक द्वारा सुसाइड नोट भी छोड़ा गया है। जिसमें रुपयों के लेने देने का जिक्र बताया गया है। जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। मृतक के बेटे कुलदीप ने बताया कि उन्हें उसके पिता राजकुमार के गांव अहिरका के निकट नरवाना रोड से गांव जुलानी की तरह जाने वाले रास्ते पर पडे होने की सूचना मिली थी। उसने जहर निगला हुआ था।

युवक की हत्या के दो आरोपित दबोचे

जींद। शहर थाना पुलिस ने गुप्ता कालोनी मे युवक के सिर में चोट मारकर हत्या करने के दो आरोपित भाइयो को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपितों से हत्या में शामिल अन्य तथा कारणो के बारे मे पूछताछ कर रही है। पुलिस ने 26 जून को गुप्ता कालोनी में एक युवक बेसुध हालात में मिला था। जिसकी बाइक कुछ दूरी पर खड़ी थी। जिसे गंभीर हालात में नागरिक अस्पताल से पीजाआई रोहतक रैफर किया था। जहां पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था।

Grading by DGT (7.5)

Jat Private Industrial Training Institute Kaithal

JAT ITI KAITHAL

(Affiliated to NCVT & DGT. New Delhi) Governed by Jat High School Society Kaithal

ADMISSION OPEN 2024-25

COURSES OFFERED		
TRADE	DURATION	QUALIFICATION
Electrician	2 Year	Matric
Fitter	2 Year	Matric
Copa	1 Year	Matric
Welder	1 Year	8th, 10th
Health Sanitary Inspector	1 Year	Matric

All Courses are Approved by DGT and NCVT Affiliated

ITI Diploma Equivalent to 12th

NOTE: Free Online Registration for all Students, SC/ST Scholarship1230/- Per Month will be given by State Govt.

92551-20934, 81682-53519
97292-02287, 94166-94178
jatitiktl@gmail.com, www.jatitiktl.com

Administrator: Er. Chander Shekhar Saharan

Karnal Road, Kaithal (Haryana) 136027

Principal : Er. Kuldeep Gopera

खबर संक्षेप

दुष्यंत बनेंगे प्रदेश के सबसे युवा सीएमः श्योकंद

उचाना। जजपा पूर्व युवा हलका वरिष्ठ उप प्रधान विकास श्योकंद सुदकैन ने कहा कि विस चुनाव में जेजेपी नए जोशए उत्साह के साथ मैदान में उतरेंगी। पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला को प्रदेश का सबसे युवा सीएम बनाने के उद्देश्य से संगठन के लिए काम कार्यकर्ता करेंगे। जो.जो काम सत्ता का हिस्सा रहते आमजन के हित में करवाने का काम किया है उसके बारे में लोगों को कार्यकर्ता बताएंगे।

जेवर व पचास हजार की नकदी चोरी

जींद। कालवा मे बीती रात चोरों ने चौबारे का ताला तोड़ क र सोना चादी के जेवरात व पचास हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामपाल ने पुलिस को बताया कि चोर चौबारे का ताला तोड़ कर वहां से सोना, चांदी के जेवरात तथा 50 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिए।

दोस्तों संग गया व्यक्ति लापता, शिकायत दर्ज

जींद। गांव डोहाना खेड़ा दोस्तों के साथ गए व्यक्ति के संदिग्ध हालात मे गायब होने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव घोघड़िया निवासी राममेहर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 29 जून को उसका भाई रणबीर गांव के अशोक व दो अन्य के साथ गाड़ी में गांव डोहानाखेड़ा गया था।

दुःख रहित संसार में केवल परमात्मा का परमधाम

जींद। महिला कल्याण ट्रस्ट के प्रधान रामनिवास अहिरका ने संसार में मानव जीवन ही एक मात्र ऐसा जीवन है, जो भोग योनी के साथ-साथ कर्मयोनी भी है। इसलिए मानव योनी में जीवात्मा शुभ कर्मों की अधिकता और परमात्मा की भक्ति से पृथ्वी पर वैज्ञानिक, डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षाविद, लेखक, कवि, संत व महात्माओं की योनीयों को प्राप्त होती हुई दिव्य लोकों के दिव्य सुख भी भोग सकती है लेकिन नए शुभ कर्म कर इससे आगे नहीं बढ़ सकती है।

भाजपा का काम नफरत फैलानाः वीरेंद्र घोघड़िया

उचाना। मार्केट कमेटी पूर्व चेयरमैन एवं कांग्रेस नेता वीरेंद्र घोघड़िया ने हलके के खटकड़ सहित विभिन्न गांवों के दौरे किए। यहां पर मतदाताओं द्वारा लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में वोट करते हुए जयप्रकाश को सांसद बनाने में अहम भूमिका निभाने पर आभार भी प्रकट किया। घोघडिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तरह की पार्टी उसी को टिकट देगी जो चुनाव में जीत दर्ज कर सकें।

जहरीला पदार्थ देने का आरोप, मामला दर्ज

जींद। कैनाल कालोनी नरवाना में बहु ने अपने पति तथा सास को खाने में कोई जहरीला पदार्थ देने का मामला सामने आया है। शहर थाना नरवाना पुलिस ने पति की शिकायत पर पत्नी के खिलाफ जहरीला पदार्थ देने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कैनाल कालोनी निवासी सौरभ ने पुलिस को शिकायत दी है।

स्कोर्पियो की टक्कर से बाइक रेहड़ी वाला घायल

जींद। गांव मनोहरपुर के निकट तेज रफ्तार स्कोर्पियो गाड़ी की टक्कर से बाइक रेहड़ी वाला घायल हो गया। सदर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर कार चालक के खिलाफ फरार गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

संदिग्ध हालात में घर से युवती लापता, केस दर्ज

जींद। गांव सिंघाना से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर सदर थाना सफीदों पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव सिंघाना निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से संदिग्ध हालात में गायब हो गई। तलाशने तथा पूछताछ करने पर उसकी बेटी का कोई सुराग नही लगा।

उपायुक्त ने समाधान शिविर में सुनी 130 लोगों की समस्याएं

पीपीपी में आय कम करवाने के लिए शपथ पत्र, मकान के साथ सामने का फोटो लाएं

समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों पर पूरी गंभीरता से कार्रवाई हो : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लघु सचिवालय स्थित सभागार में वीरवार को डीसी मोहम्मद इमरान रजा की अध्यक्षता में समाधान शिविर आयोजित हुआ। समाधान शिविर में करीब 130 लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। डीसी ने नागरिकों की नागरिकों की समस्याओं को हर संभव मौके ही पर हल करवाने के निर्देश दिए। समाधान शिविर के डीसी ने कहा कि में परिवार पहचान में आय कम करवाने के लिए स्वयं का एक शपथ पत्र और अपने मकान के साथ सामने का फोटो जरूर हो। इसके बाद संबंधित अधिकारियों द्वारा मौका निरीक्षण किया जाता है।

आमदनी की वेरीफिकेशन के बाद परिवार पहचान पत्र में आय को तुरंत प्रभाव से दुरूस्त किया जाता है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन हर आवेदन पर पूरी गंभीरता के साथ कार्रवाई कर रहा है। समाधान शिविर में गांव रामकली निवासी जय प्रकाश ने डीसी के सामने समस्या रखते हुए बताया कि उनके गांव में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है। पेयजल का टीडीएस करीब आठ हजार हैए ऐसे में लोगों के समक्ष पेयजल के साथ-साथ घर के रोजमर्रा के कार्य में भी भारी परेशानी हो रही है। गांव पिल्लूखेड़ा निवासी रणबीर ने डीसी से बिजली के पोल से संबंधित समस्या हल करवाने की मांग की। गांव मालखेड़ा निवासी धर्मबीर ने बताया कि उनको प्लाट का इंतकाल नहीं हो रहा है। गांव साहपुर से रोशन व कृष्ण ने उनके गांव में सौ-सौ गज के प्लाटों पर कब्जा दिलवाने की मांग की। इसी प्रकार से किला जफरगढ से आए हरकेश, महेंद्र, ओमप्रकाश, मा. जयभगवान और संजय ने डीसी से उनके गांव में डा. भीमराव अंबेडकर भवन के लिए 800 से एक हजार गज जमीन मुहैया करवाने की मांग की।

जींद। समाधान शिविर में शिकायतों का समाधान करते हुए डीसी व एडीसी। फोटो :हरिभूमि

शिविर में एसडीएम ने अधिकारियों के साथ सुनी 52 शिकायतें

जींद। सफीदों लघु सचिवालय के समागार में वीरवार को समाधान शिविर का आयोजन एसडीएम मनीष फोगाट की अध्यक्षता में किया गया। समाधान शिविर में कुल 52 समस्याएं आई। जिनमें से अधिकांश समस्याएं परिवार पहचान पत्र में आय कम करवाने व फैमिली आईडी दुरूस्त करवाने से संबंधित थी। इनके अलावा वृद्धावस्था व विधवा पेंशन और बिजली से संबंधित रही। एसडीएम मनीष फोगाट ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कारवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को बार-बार कार्यालय के चक्कर ना काटने पड़े इसके लिए समस्याओं को गंभीरता से लें। समाधान शिविर मे असंध रोड सफीदों निवासी शीला देवी ने बताया कि उनका बिजली का कनेक्शन नजदीकी पेट्रोल पंप के पास लगे ट्रांसफॉर्मर से लगाया गया है। कुछ शरारती तत्व उनके बिजली कनेक्शन को हटा देते हैं जिसके कारण उनके परिवार को बहुत कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या पर संज्ञान लेते हुए एसडीएम ने मौके पर ही संबंधित अधिकारी को उनके बिजली कनेक्शन को स्थाई करने के निर्देश दिए। पाजू खुर्द गांव के निवासी सतबीर की फैमिली आईडी में आय तीन लाख से 'यादा थी जो कि उसकी वास्तविक आय से अधिक थी। जिसका मौके पर ही समाधान किया गया। इस अवसर पर पब्लिक हेल्थ के एसडीओ भूपेंद्र सिंह, डीएचबी के एसडीओ हरजिंदर सिंह, शहर थाना सफीदों प्रभारी ईश्वर सिंह, एसईपीओ शकूर खान मौजूद थे।

डीसी ने अनेक समस्याओं का करवाया मौके पर ही समाधान

गांव आसन गांव की भानी देवी ने डीसी ने बताया कि दो साल पहले उनके पति का निधन हो गया था। उसके बाद उसका गुलाबी राशन कट गया। जिससे उसको सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस डीसी ने संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार गांव आसन निवासी सुरेश कुमार के साथ आए मदनलाल ने डीसी को बताया कि सुरेश के फैमिली आईडी पड़ोस की लड़की का नाम दर्ज है, जिससे सुरेश के परिवार को परेशानी आ रही है। वे पिछले दो साल से इस समस्या के समाधान के लिए घूम रहे हैं। इस पर डीसी ने उनकी समस्या का तुरंत समाधान करवाने के निर्देश दिए। गांव जीवनपुर निवासी अमरनाथ ने डीसी को बताया कि उनकी फैमिली आईडी में आय दस लाख दर्शाई गई है। जिससे उनको सरकारी की योजनाओं का लाभ नही मिल रहा है। इस पर डीसी ने मौके पर उनकी दुरूस्त करवाई।

ये रहे मौजूद

समाधान शिविर में एडीसी डा. हरीश वशिष्ठ, डीएमसी वीरेंद्र सहरावत, एसडीएम राकेश सैनी, डीएसपी रोहताश कुमार, डीआरओ राज कुमार, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, उप सिविल सर्जन डा. विजेंद्र ढांडा सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जींद। कार्यक्रम में पहुंचे एचसीएस परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल करने वाले अभिषेक का स्वागत करते हुए प्राचार्य। फोटो :हरिभूमि

राजकीय महाविद्यालय में टॉपर्स सम्मान समारोह

■ एचसीएस परीक्षा में अव्वल रहे अभिषेक खटकड़ ने प्रतिभाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महाविद्यालय में वीरवार को टॉपर्स सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विशेष तौर पर महविद्यालय के पूर्व छात्र अभिषेक खटकड़ रहे। जिन्होंने एचसीएस परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल किया है और सत्र 2023-24 के अध्ययनरत महाविद्यालय के वें सभी विद्यार्थी सहर्ष आमंत्रित किए गए। महाविद्यालय प्राचार्य सत्यवान मलिक ने सम्मानित छात्रों को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनके उ'जवल भविष्य की कामना की। एचसीएस परीक्षा टॉपर अभिषेक खड़कड़ ने बताया कि उनकी सफलता में उनके शिक्षकों का अहम योगदान रहा है। उन्होंने महाविद्यालय के अपने अनुभवों को सांझा किया और शिक्षकों व महाविद्यालय का आभार व्यक्त किया। युनिवर्सिटी टॉपर्स रहे विद्यार्थियों ने भी अपने महाविद्यालय के अनुभवों को बतलाया और शिक्षकों को अपनी सफलताओं के लिए धन्यवाद दिया। कॉलेज रजिस्ट्रार डा. विशाल रेढू ने बताया कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2023-24 के लिए जारी की गई मेरिट सूची में राजकीय महाविद्यालय के सात विद्यार्थियों ने विभिन्न स्थान हासिल किए। बीएससी बायोटेक में अंशु ने 77.97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, रवीना ने 75.38 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय, ईशु ने 74.52 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान, बीएससी मेडिकल में तनिष्का ने 88.31 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, बीएससी नॉन मेडिकल में प्रियांशु सिंगला ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम और मोनी ने 87.24 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान और बीकॉम में तमन्ना ने 78.75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य सत्यवान मालिक ने समस्त महाविद्यालय परिवार की ओर से विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट परिणाम के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

हरिद्वार में गंगा स्नान के लिए रवाना किया

■ बलजीत रेढू का 100 दिन में 11 हजार लोगों को गंगा स्नान करवाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हैबतपुर गांव से बृहस्पतिवार को समाजसेवी प्रदीप रेढू ने सैंकड़ों महिलाओं और पुरुषों को कई बसों में हरिद्वार में मुफ्त गंगा स्नान के लिए रवाना किया। बसों को हरिद्वार के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना करने के मौके पर प्रदीप रेढू ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य बलजीत रेढू ने 100 दिनों में 11 हजार लोगों को गंगा स्नान करवाने का जो बीड़ा उठाया है। उसके तहत हैबतपुर गांव से सैंकड़ों महिलाओं और पुरुषों को हरिद्वार में गंगा स्नान के लिए रवाना किया गया है। बलजीत रेढू की समाजसेवा का यह सिलसिला इसी तरह से जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि बलजीत रेढू के लिए राजनीति बाद में और समाजसेवा उससे कहीं पहले है। इस मौके पर गांव के सरपंच रिशिपाल, माजरा खाप के पूर्व प्रधान महेंद्र रढाल, पूर्व सरपंच प्रदीप, दलेर सिहाग, राममेहर जांगड़ा, बलराज, सुभाष, जसवीर, सूरजमल, दलवीर, सूबे सिंह, रणदीप, कृष्ण, ओमप्रकाश आदि भी थे। इन सभी लोगों ने गांव में पहुंचने पर प्रदीप रेढू का स्वागत किया और बलजीत रेढू और उनके परिवार द्वारा की जा रही समाजसेवा के लिए प्रदीप रेढू और बलजीत रेढू की तारीफ की।

जींद। श्रद्धालुओं को रवाना करते बलजीत रेढू। फोटो :हरिभूमि

युवा विकास समिति लगाएगी 7000 पौधे

जींद। युवा विकास समिति जींद की मासिक बैठक अध्यक्ष प्रदीप रेढू की अध्यक्षता में हुई। रेढू ने बताया कि समिति ने इस साल बारिश के मौसम में सात हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। महासचिव विनोद शर्मा और संयोजक प्रवीण सैनी ने कहा कि समिति साप्ताहिक पौधारोपण अभियान पांच जुलाई से शुरू कर रही है। उपाध्यक्ष रोबिन खरब और सहसचिव रणबीर रिटोली ने कहा कि समिति ने पिछली बार पांच हजार पेड़ पौधे लगाए थे और अबकि बार बरसात के मौसम में सात हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। युवा विकास समिति जींद के सदस्य राकेश कंडेला व शीला सैनी ने कहा कि गर्मी के मौसम में गर्मी बहुत 'यादा पड़ती है, इसलिए हमें बरसात के मौसम में 'यादा से 'यादा पौधे लगाने चाहिए जिससे वातावरण ठंडा रहे।

सीएम नायब सैनी से मिली डॉ. पुष्पा तायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भाजपा नेत्री डा. पुष्पा तायल प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिली और 30 सड़कों के विस्तारीकरण के लिए ग्रांट स्वीकृत करने और नई अनाज मंडी के तृतीय भाग के निर्माण को स्वीकृति दिलाने पर सीएम का आभार जताया। डा. पुष्पा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार गांव का विकास कार्य करवाने के लिए जोर शोर से जुटी हुई हैं इसके लिए सरपंचों को जो पॉवर दी गई हैं उससे अब गांवों में विकास कार्य गति पकड़ेंगे। कहा गांवों में पंचायत का अहम रोल होता हैं और अगर उनके पास विकास कार्य करवाने की शक्ति नहीं होती हैं तो विकास कार्य किस प्रकार से होंगे। ऐसे में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने गांवों में विकास कार्यों की छड़ी लगाने के लिए सरपंचों को 21 लाख रुपये तक विकास कार्य में खर्च करने की शक्ति दी हैं। इसके अलावा गांव में विशेष कार्यक्रम में डीसी और एसपी के बराबर में सरपंचों की कुर्सी लगाए जाने के फैसलें सराहनीय हैं। इसके अलावा प्रदेश सरकार ने 30 के करीब जुलाना हल्के की सड़कों का निर्माण, विस्तारीकरण करवाया हैं। इससे प्रतीत होता है कि अब सरकार गांवों का विकास शहरी तर्ज पर करवा रही हैं ताकि ग्रामीणों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। इसी को लेकर भाजपा नेत्री डाण पुष्पा तायल प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिली हैं।

जींद। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी से मिलते डा. पुष्पा तायल। फोटो :हरिभूमि

अंडरपास के ट्रीटमेंट प्लांट के से आगे खेतों को जाने वाले रास्ते पर भरा पानी।

कच्चे रास्ते में भरा पानी खेतों में नहीं जा पा रहे किसान

उचाना। उचाना कलां के अंडरपास के पास स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से बनाया गया गंदे पानी के लिए नाला लीकेज होने के चलते खेतों को जाने वाले कच्चे रास्त में पानी भर गया है। किसानों को खेतों में आने.जाने से परेशानी हो रही है। इसको लेकर जन स्वास्थ्य विभाग में शिकायत भी किसान कर चुके है। सुरेंद्र, ईश्वर, मंदीप, संदीप, सुनील ने कहा कि दो दिनों से जो सीवरेज ट्रीटमेंट प्लाट से अंडरपास के पास से बड़ौदा की तरफ गंदे पानी का नाला बनाया गया है वो लीकेज होने के चलते कच्चे रास्ते में पानी भर गया है। कच्चे रास्ते से जो किसान खेतों में जाते है उनको आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसको लेकर अवगत भी वो करवा चुके है लेकिन समाधान नहीं हो रहा है। खेतों में गंदे पानी से होकर जाना पड़ता है या फिर खेत में किसान जा नहीं पाते है। कच्चा रास्ता होने से यहां कीचड़ हो गया है। जन स्वास्थ्य विभाग के जेई पुनीत ने बताया कि बारिश होने से जो पानी खेतों में जाता था वो किसान नहीं लेते है ऐसे में पानी स्टोरेज के बाद रास्ते में चला जाता है। रास्ते में पानी होने के चलते जो पुली जाम है उसको खोलने के लिए गाड़ी नहीं जा पा रही है।

बाजारों में दुकानदार रखे चौकीदार लगवाएं सीसीटीवी : पवन कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

■ संदिग्ध दिखाई देने वाले व्यक्ति की सूचना पुलिस को दें

प्रभारी पवन कुमार ने कहा कि दुकानदार बाजारों में चौकीदार जरूर रखें ताकि रात को बाजारों में चौकीदार का पहरा भी हो। कोई व्यक्ति रात को अगर संदिग्ध दिखाई दे तो चौकीदार पुलिस को सूचना दे सकें। ऐसे ही दुकानोंए मकानों के आगे सीसीटीवी कैमरे भी जरूर लगवाए। आज के समय में सीसीटीवी कैमरा जरूर हो गया है। इसका हर किसी को फायदा इसलिए है क्योंकि दिन.रात की रिकोडिंग कैमरे में आती है। गली, बाजार से कौन आता-जाता है, दुकान पर कौन सामान लेने के लिए आता है सबकी रिकोडिंग हो जाती है। सभी के सहयोग से पुलिस प्रशासन चोरी की वारदातों पर अकुंश लगाने का काम करेंगे। हर किसी को चाहिए कि वो पूरा सहयोग प्रशासन को दे। बाजारों, गलियों में कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत पुलिस थाना के मोबाइल नंबर 8814011513, पुलिस चौकी मोबाइल नंबर 8814011529 पर काल करें ताकि संदिग्ध व्यक्ति से पूछताछ पुलिस कर सकें। उन्होंने कहा कि शहर के काफी बाजारों में चौकीदार दुकानदारों ने नहीं रखे है। दुकानदारों को चौकीदार जरूर रखना चाहिए। ऐसे ही दुकानों के आगे जो ट्यूब लाइट दुकानदारों ने लगाई है वो दुकान बंद करने के बाद जरूर जलाए ताकि बाजारों में रोशनी दिखाई दे। गलियों में भी मकानों के आगे लगी ट्यूब लाइट जरूर जलाए ताकि अंधेर का फायदा उठा कर संदिग्ध व्यक्ति चोरी की घटना को अंजाम न दे सकें।

जींद। शिविर में जांच करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो :हरिभूमि

आयरन-विटामिन सी से भरपूर आहार लेना चाहिए : शर्मा

जींद। राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल बेलरखां में प्रिंसिपल बलजीत गोयत की अध्यक्षता में एमपीएचडब्ल्यू रितु शर्मा के नेतृत्व में हीमोग्लोबिन जांच कैंप लगाया गया जिसके तहत स्कूल के स्टाफ के हीमोग्लोबिन के स्तर की जांच की गई तथा जिनमें खून की कमी मिली उनको आयरन की गोलियां दी गई। रितु शर्मा बताया कि एनीमिया यानी खून की कमी एक गंभीर समस्या है। जल्दी थक जाना, सांस फूलना, सुस्ती व नींद आते रहना, जल्दी-जल्दी बीमार पड़ना, पढ़ाई, खेलकूद व अन्य कार्यों में मन नही लगना, भूख न लगना, चक्कर आना, जीभ, हथेलियां व आंखों में सफेदपन आना आदि एनीमिया के लक्षण हैं। यदि समय रहते एनीमिया का उपचार नहीं करवाया गया तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। प्रदीप भारद्वाज ने बताया कि आईएफ ए सप्लीमेंट, आयरन की गोली और सिरप का प्रयोग करें। आंत के कीड़ों के लिए हर छह महीने में एल्बेंडाजोल की गोली खाएं, खून में हीमोग्लोबिन के स्तर की जांच करवाएं, स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं, रोजाना हरी सब्जियां, फल, अनाज व दालें खाएं तथा शारीरिक व्यायाम करें।

ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में प्रमाण पत्र वितरण समारोह

आत्मनिर्भर बनने के लिए महिलाएं स्वरोजगार अपनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

स्थानीय पंजाब नेशनल बैंक परिसर में संचालित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में वीरवार को प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित हुआ। ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के सयुंक्त सचिव पंकज यादव आईएएस ने समारोह में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने संस्थान में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया। उन्होंने इस संस्थान के माध्यम से स्वावलंबी बनने को लेकर ब्यूटी पार्लर व फास्ट फूड स्टॉल का प्रक्षिक्षण ले चुके 69 प्रशिक्षणार्थियों से बातचीत की। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों प्रमाण पत्र वितरित किए और उनके उ'जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि महिलाओं का स्वावलंबी होना जरूरी और उसके लिए स्वरोजगार अपनाना होगा। सरकार द्वारा बैंकों के माध्यम से अनेक प्रकार की योजनाओं के तहत आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यादव ने प्रशिक्षण संस्थान में कंप्यूटराइ'ड एकाउंटिंग के बैच के प्रशिक्षणार्थियों के साथ विचार सांझा किए। संस्थान के अधिकारियों ने यादव को आरसेटी की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान को वित वर्ष 2024-25 में 1190 प्रशिक्षणार्थियों को प्रक्षिक्षण दिया जाने का लक्ष्य मिला है। जिसमें से आरसेटी द्वारा 30 जून 2024 तक 366 प्रशिक्षणार्थियों को प्रक्षिक्षण दिया जा चुका है और 96 प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि आजतक इस संस्थान द्वारा 7278 प्रशिक्षणार्थिओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। जिसमें से 1127 प्रशिक्षणार्थी बैंक से लोन लेकर अपना कार्य कर रहे हैं। भविष्य में आरसेटी द्वारा सॉफ्ट टॉय मेकिंग, आर्टिफिशियल 'वेल्लरी बनाने का काम, कंप्यूटराइ'ड अकाउंटिंग, डेयरी फार्मिंग, मशरूम उत्पादन, महिला वस्त्र निर्माण कार्य इत्यादि प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जाएं। ये सभी प्रशिक्षण पूर्ण रूप से निरूशुल्क हैं।

जींद। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को सर्टिफिकेट देते हुए। फोटो :हरिभूमि

नव प्रगति स्कूल डाहौला में कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ प्राचार्या लाजवंती ढिल्लों।

नव प्रगति स्कूल डाहौला में मनाया राष्ट्रीय आम दिवस

अलेवा। नव प्रगति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डाहौला के प्रांगण में राष्ट्रीय आम दिवस के उपलक्ष्य में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्या लाजवंती ढिल्लों ने की। कार्यक्रम में छोटे- छोटे बच्चों के द्वारा बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को फ लों के महत्व के बारे में जानकारी देना था कि आम फ लों का राजा माना जाता है। विद्यालय प्राचार्या लाजवंती ढिल्लों ने फलों के बारे में छोटी- छोटी जानकारियां देते हुए कहा कि हमें मौसम के अनुसार सभी फ लों का सेवन करना चाहिए। हर एक फल मानव शरीर को उर्जावान बनाने में सहायक होता है। जो व्यक्ति समयानुसार फलों का सेवन करता है वह हमेशा स्वस्थ रहता है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों का उत्साह बढाने के लिए पारितोषिक के साथ-साथ आम फ ल वितरण किया गया। विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

खबर संक्षेप

सांसद से मिले संघर्ष समिति के पदाधिकारी

राजौंद। कॉलेज बनाओं संघर्ष समिति राजौंद के सभी पदाधिकारी सदस्य सांसद नवीन जिंदल से सचिवालय कैथल में मिले डीसी कार्यालय में सांसद नवीन जिंदल ने जिला उपायुक्त को शीघ्र राजौंद बस अड्डे के सामने कालेज बनाने की प्रक्रिया को अति शीघ्र शुरू किया जाए तथा साथ ही साथ सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का कार्य भी शुरू करने बारे कहा।

मिट्टी बेचने के आरोपो को किया खारिज

पूंडरी। गांव फतेहपुर में जोहड़ से मिट्टी उठाने के मामले में सरपंच सोहनलाल वर्मा ने कहा कि तालाब से निकाली मिट्टी सही उपयोग के लिए डाली जा रही है। उन्होंने कहा कि जो लोग उन पर आरोप लगा रहे हैं वह सरासर गलत और निराधार हैं, वे हमेशा गांव के विकास के लिए कार्य करते हैं।

10 हजार पौधे लगाने का लक्ष्यः राजपाल

सीवन। भाजपा नेता राजपाल ने हलका गुल्हा में कई स्थानों पर पौधा रोपण किया और पौधे वितरित किए। सीवन के डा. अम्बेडकर भवन, श्री शारदा रत्न स्कूल व अन्य स्थानों पर पौधा रोपण करने के उपरांत पत्रकारों से बात करते कहा कि पौधा रोपण समय की मांग है। यदि हम बच्चों का भविष्य सुरक्षित रखना चाहते हैं तो उसके लिए आवश्यक है कि अधिक से अधिक पौधे लगाएं।

कातिलाना हमले में अपराधी गिरफ्तार

कैथल। अपराध व अपराधियों के खिलाफ एसपी उपासना के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए कैथल पी.ओ. स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई सतीश कुमार की टीम द्वारा उद्घोषित आरोपी कलायत निवासी राकेश उर्फ कालू को काबू कर लिया गया।

जल संरक्षण के प्रति किया जागरूक

पूंडरी। पुंडरी खंड के गांव खेड़ी सिकंदर की आंगनवाड़ी में जल संरक्षण को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के वासो के जिला सलाहकार दीपक कुमार ने जल संरक्षण को लेकर व्यख्यान दिया। जल संरक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बिमला देवी की।

आईटीआई की दूसरी मेरिट लिस्ट नौ को जारी होगी

कैथल। राजकीय आईटीआई में पहली काउसंलिंग का दौर आज समाप्त हो गया। आईटीआई में पहली काउसंलिंग में 735 सीट जारी की गई थी। इनमें से छात्रों ने केवल 320 सीटों पर ही दिखला लिया है। शेष सीटों पर छात्रों ने दाखिला नहीं लिया। विद्यार्थियों का दाखिला न लेना मन पंसद कोर्स न मिलना बताया गया है। विभाग द्वारा जारी किए गए शेडयूल अनुसार 9 जुलाई को दूसरी मैरिट लिस्ट कम सीट अलाटमेंट जारी की जाएगी। जिन छात्रों को पहली लिस्ट में कोर्स नहीं मिला तो ऐसा अनुमान है कि यह मैरिट लिस्ट पहली की अपेक्षा कम मैरिट पर आएगी।

समझोते को लागू नहीं करने का आरोप, जमकर नारेबाजी

नपा कर्मियों का लघु सचिवालय तक झाड़ू उलटे कर रोष प्रदर्शन

■ सासंद नवीन व डीसी के ठोस आश्वासन पर प्रदर्शन समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल। लघु सचिवालय में झाड़ू उलटा कर प्रदर्शन करते नपा कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा सम्बद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला कमेटी ने जिला अयुक्त (डीएमसी) के साथ हुए समझोते को लागू ना करने व बार-बार की वादा खिलाफी के विरोधस्वरूप जवाहर पार्क से पेहवा चौक करनाल रोड से होते हुए मिनी सचिवालय तक झाड़ू उल्टे लेकर जोरदार प्रदर्शन किया ओर सासंद नवीन जिंदल व उपायुक्त के ठोस आश्वासन पर प्रदर्शन समाप्त किया जिसकी अध्यक्षता जिला प्रधान गौरव टांक ने की संचालन जिला सचिव विक्की टांक ने किया। प्रदर्शन मे शामिल कर्मचारिओ को सम्बोधित करते हुए नगर पालिका कर्मचारी संध के राज्य मुख्य संगठन कर्ता व एसकेएस के जिला प्रधान शिवचरण जिला सचिव मास्टर रामपाल शर्मा ,सर्व कर्मचारी संघ के राज्य उपप्रधान जरनैल सिंह,केन्द्रीय कमेटी सदस्य राजेन्द्र सिणंद,(सीआईटू) व रिटायर कर्मचारिओ के जिला कैशियर जयप्रकाश गौरव टांक व विक्की टांक, ब्लॉक प्रधान बिट्टू बहोत ने कहा कि राज्य सरकार व उसका प्रसाशन लगातार कर्मचारिओ की अनदेखी कर रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जिला पालिका अयुक्त ने 24 जनवरी2024 को संगठन के साथ हुई मिटिंग मे सभी मांगो को जायज मानते हुए 15 दिन मे पूरा करने का आश्वाशन दिया था जिसके बाद सगठंन ने अपना आंदोलन वापिस ले लिया था, लेकिन मिटिंग मे बनी सहमती के 6 महीने बाद भी मांगो का समाधान नही हुआ जिसके कारण बार-बार धरना-प्रदर्शन करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे कहा कि जिले मे छह ब्लॉको मे लगभग 275 कर्मचारी लगभग 2- साल से डोर टू डोर के ठेके मे आपना कार्य ईमानदारी से कर रहे हैं। इसके बाद भी ठेकेदार ना तो समय पर वेतन देता है और कम देता है। सप्ताहिक छुट्टी पर समझौता होने के बाद भी वेतन कटा जाता ह,सरकार के परिपत्र के बाद भी न तो वर्दी जूते ,डिटोल साबून तेल 14 महिने से नही दिया गया और काम के दौरन माक्स दास्ताने व ओजार भी पूरे नही दिये जा रहे , धरना-प्रदर्शन मे सैकंडो की सख्या में महिला -पुरूष कर्मचारियो ने भाग लिया ।

गोरव टॉक व विक्की टांक ने कहा यदि 7,07, 2024 को डोर टू डोर के कर्मचारियों व अन्य मांगो व समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो 8 जुलाई 024वो जिला स्तरीय मिटिंग करके बड़ा अदोलन करने को मजबूर होंगे, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी राज्य सरकार,जिला प्रसाशन व पालिका प्रशासन की होगी।

इस अवसर पर नगरपालिका कर्मचारी संघ से,ब्लॉक प्रधान बिट्टू बहोत, ब्लॉक सचिव विजय गिल, पुर्व प्रधान महेन्द्र बिड़लान, जगदीश कुमार, सुरेश कुमार, पंकज गिल, राजोन्द कुमार बाबू, सुशिल कुमार शीला,कपिल कल्याण, अमित क्योड़क, दिनेश कुमार, ब्रजेश कुमार,धर्मेन्द्र कुमार, रामदेव ,सोनू कल्याण, सूरज कल्याण, सुरेश कुमार ,अमित गिल, सतीश कुमार ,सरोज, बीना रानी, कृष्ण कुमार रजोनद,गोपाल चीका, अनमोल, सोनू सीवन,समेत संकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

सीएम फ्लाइंग ने मत्स्य विभाग में की छापेमारी, जांचा रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल के मत्स्य विभाग में रिकॉर्ड की छानबीन करते सीएम फ्लाइंग के अधिकारी

सीएम फ्लाइंग की टीम ने वीरवार को मत्सय पालन विभाग में दबिश देकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सुबह के समय सीएम फ्लाइंग की टीम पहुंची और करीब तीन घंटे तक लगातार जांच की। टीम में तीन से चार सदस्य शामिल रहे। टीम के सदस्यों ने मत्सय पालन विभाग में सरकार की ओर से विभिन्न योजनाओं के तहत दी गई राशि को लेकर जांच की। जिला मत्सय अ धिकारी सुरेश पाल नैन ने बताया कि वीरवार सुबह के समय सीएम फ्लाइंग की टीम आई थी। इस टीम ने सरकार की ओर से मत्सय पालन को किसानों को दी जाने वाली वि भिन्न योजनाओं की राशि पर जांच की है। इस जांच के तहत ही टीम ने गांवों में तालाबों खुदाई की योजना के तहत पाली जा रही मछलियों पर भी जानकारी ली है। अधिकारी ने बताया कि टीम सरकारी योजनाओं को लेकर सामान्य जांच को लेकर ही पहुंची थी। करीब तीन घंटे तक जांच करने के बाद यह टीम वापस लौट गई।

विद्यार्थियों को दी कचरा प्रबंधन की जानकारी

राजौंद। इको क्लब के अंतर्गत चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर के चौथे दिन गुरुवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बीर बांगड़ा में कचरा प्रबंधन एवं निष्पादन विषय के अंतर्गत एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं को प्रार्थना सभा में विस्तार पूर्वक कचरे के बारे में तथा उनके प्रबंधन एवं निष्पादन के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। विद्यालय प्राचार्य सुरेंद्र कुमार ने सभी छात्र-छात्राओं को बताया कि हमें अपने दैनिक जीवन में बनने वाले कचरे का किस प्रकार से प्रबंध करना है।इसके लिए विद्यार्थियों को स्मार्ट बोर्ड पर इससे संबंधित वीडियो भी दिखाकर जानकारी दी गई। प्राचार्य ने बताया की अगर हम गले सूखे कचरे को अलग-अलग कर लें तो कचरा निष्पादन करने में हमें बहुत आसानी हो सकती है।

चार बार अनाज मंडी प्रधान रहे जयदीप राणा ने ठोका कलायत विस में कमल खिलाने का दावा

कैथल। कलायत विधानसभा से भाजपा में टिकटार्थियों की संख्या दिन प्रतिदिन तेजी से बढ़ती जा रही है। इसी कडी में जयदीप राणा का नाम भी सामने आया है जो पिछले चार बार कलायत अनाज मंडी आढती एसोसिएशन के प्रधान रहे हैं। राणा का कहना है कि वे पिछले 30 सालों से पार्टी के सक्रिय सिपाही हैं। वे पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरजोर प्रयासरत रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में हुए लोकसभा चुनाव में उन्होंने अपनी जिम्मेवारी निष्ठा से निभाई है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे एवं वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को 36500 वोटों से विजयी बनाने को लेकर अपनी टीम के साथ पूरी मेहनत की थी। वर्तमान के लोकसभा चुनाव में कलायत कार्यालय प्रभारी रहते हुए नवीन जिंदल को सभी बूथों पर जीत दिलाते हुए उन्हें संसद में भेजने का काम किया। उन्होंने कहा कि वे कल दिल्ली में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह का आशीर्वाद लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि है कि जाओ और मेहनत करो। राणा ने बताया कि जल्द ही रक्षामंत्री कलायत में उन्हें व जनता को आशीर्वाद देने के लिए आएंगे। उन्होंने पार्टी व आलाकमान तथा संगठन पर पूर्ण विश्वास है कि उनकी मेहनत का फल उन्हें दिया जाएगा। यदि उन्हें आशीर्वाद मिला तो वे कलायत में कमल खिलाने का काम करेंगे।

कैथल: केबल टीवी नेटवर्क निगरानी समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रशांत पंवार ने लघु सचिवालय स्थित कार्यालय में जिला स्तरीय केबल टीवी नेटवर्क निगरानी समिति की बैठक ली और संबंधित कमेटी के सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोकल केबल नेटवर्क द्वारा केबल टीवी नेटवर्क (विनीयमन) अधिनियम 1995 की सभी हिदायतों का पालन सुनिश्चित करें। इस कार्य में अगर कोई केबल संचालक कोताही करता है तो नियमानुसार उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि आगामी होने वाली बैठक केबल संचालकों को आमंत्रित किया जाए। नगर परिषद, नगर पालिकाओं में केबल टीवी नेटवर्क से संबंधित फीस जमा करवाने बारे पूर्ण जानकारी एकत्रित की जाए। अगर कोई केबल संचालक फीस नहीं जमा करवा रहा है तो संबंधित नगर परिषद व नगर पालिका के अधिकारी केबल संचालक को नोटिस जारी करें। केबल से संबंधित सीएम विंडों पर आई शिकायतों का जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित किया जाए। फास्ट वे केबल नेटवर्क द्वारा जिला में केबल की क्वालिटी में सुधार करवाने के निर्देश जारी किए।

विकास कार्यों में तेजी लाएं अधिकारी : नवीन जिंदल

■ सांसद ने लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में ली अधिकारियों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

सांसद नवीन जिंदल लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए

सांसद नवीन जिंदल ने लघु सचिवालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक ली और जिला में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों में गति लाएं और उन्हें गुणवत्तापूर्वक प्राथमिकता के साथ पूरा करें, ताकि जिला में अच्छी व्यवस्था को बनाया जा सके और आम नागरिक को सुविधाओं का लाभ मिल सके। सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनें। उनके इस सपने को साकार करने के लिए सभी के सहयोग की जरूरत है। हमारा दायित्व है कि हम बेहत्तर कार्य करते हुए जिला कैथल को विकसित बनाने के लिए भरसक प्रयास करें, तभी जाकर विकसित हरियाणा व विकसित भारत का सपना पूरा किया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में बिजली, पानी, स्वास्थ्य, सड़कें व अन्य मूलभूत सुविधाएं समयबद्ध देना सुनिश्चित करें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में जो भी सड़कें टुटी हुई हैं, उन्हें जल्द दुरूस्त करवाई जाए, ताकि लोगों को आवागमन में किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं हो। मॉडल टाउन क्षेत्र में पीने के पानी की जो समस्याएं लोगों को आ रही है, उस पर जन स्वास्थ्य विभाग गंभीरता से लेते हुए स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। इस कार्य में कोई भी अधिकारी लापरवाही न बरतें। उन्होंने बिजली विभाग से संबंधित रिपोर्ट लेते हुए कहा कि जहां भी पुरानी तारें हैं, उन्हें जल्द बदला जाए।

अपशिष्ट पदार्थ प्रबंधन अभियान चलाया

गुहला-चीका। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में समर कैंप के तहत अपशिष्ट पदार्थ प्रबंधन अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत आज बच्चों को गीले कचरे तथा सूखे कचरे के प्रबंधन के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया गया।विद्यालय में गीला कचरा डालने तथा सूखा कचरा डालने के लिए अलग-अलग डस्टबिन लगाए गए।श्री हरिंदर कुमार जी प्रवक्ता अंग्रेजी के द्वारा आज बच्चों को गीला कचरा तथा सूखा कचरा के निस्तारण व प्रबंधन के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। गीला कचरे में वे सभी वस्तुए शामिल है जो जैविक है जैसे खाद्य पदार्थ,सब्जियाँ,गंदे खाद्य रैपर आदि शामिल है।

शिकायतों का निदान हमारी प्राथमिकता: एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

गुहला चीका। आमजन की समस्याएं सुनते हुए एसडीएम कृष्ण कुमार।

एसडीएम कृष्ण कुमार ने कहा कि नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर कारगर सिद्ध हो रहे हैं। समाधान शिविर में विभिन्न विभागीय सेवाओं से जुड़ी शिकायतों का एक ओर जहां मौके पर ही निवारण किया जा रहा है, वहीं परिवार पहचान पत्र से जुड़ी त्रुटियों को 24 घंटे में दुरुस्त कर आमजन को राहत प्रदान की जा रही है। वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में 14 शिकायतें आई, जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया गया।

एसडीएम कृष्ण कुमार ने वीरवार को समाधान शिविर में शिकायतों की सुनवाई करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में आने वाली वृद्ध महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों की समस्याओं को विशेष तवज्जो देते हुए निपटाएं। शिविर में आने वाली प्रत्येक शिकायत पर कार्रवाई हो और निर्धारित समय में रिपोर्ट भी भेजी जाए। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में पहुंचने वाले शिकायतकताअरं की शिकायत का निदान उनकी प्राथमिकता है। इसका असर धरातल पर दिखाई दे रहा है। लोग अपनी समस्याओं को लेकर जब समाधान शिविर में पहुंचते हैं उनके चेहरे पर खुशी जरूर दिखाई पड़ती है। एक ही स्थान पर आमजन की शिकायतों का निवारण किया जा रहा है। आमजन की समस्या का समाधान अधिकारियों के सहयोग से तत्काल हो रहा है। एसडीएम ने बताया कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर समाधान करना है।

शिविर में आई 54 शिकायतें, आठ का निपटारा

कैथल। प्रदेश सरकार के निदेर्शानुसार जिला प्रशासन द्वारा लगातार लघु सचिवाल के सभागार में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। वीरवार को एडीसी सी. जया श्रद्धा व सीटीएम गुरविंद्र सिंह ने आमजन की समस्याएं सुनी। शिविर के दौरान को 54 शिकायतें, इनमें से 8 शिकायतों को मौके पर निपटारा किया गया। अन्य शिकायतों के जल्द समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए। एडीसी सी. जया श्रद्धा ने कहा कि आम जनता की शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के सुना जाता है। आमजन शिविर का फायदा उठाए और परिवार पहचान पत्र में त्रुटि आदि ठीक करने से संबंधित दस्तावेज अपने साथ जरूर लाएं, ताकि समस्या का समाधान जल्द किया जा सके। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा समस्याओं के समाधान को लेकर पूरी गंभीरता के साथ एक्शन लिया जाता है व जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने कहा कि इस शिविर में परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, पुलिस विभाग से जुड़ी समस्याओं, नगर परिषद से जुड़ी समस्याओं, पंचायती राज या फिर किसी अन्य विभाग की समस्या हो तो शिविर में उनका समाधान कराया जा सकता है।

इंटरनेशनल डांस प्रतियोगिता में दर्शन अकादमी की नायरा ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कैथल। छात्रा नायरा को सम्मानित करते पदाधिकारी।

21 जून से 23 जून में इंडो नेपाल इंटरनेशनल डांस प्रतियोगिता में दर्शन अकादमी प्रताप गेट कैथल की प्रथम कक्षा की विद्यार्थी नायरा ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता में देश-विदेश के 240 बच्चों ने भाग लिया। जिसमें 110 बच्चे भारतीय थे। दर्शन अकादमी प्रतापगढ़ कैथल की प्रथम कक्षा की विद्यार्थी नायरा ने प्रथम स्थान हासिल कर देश ,माता-पिता और विद्यालय को गर्वांतित महसूस करवाया । मात्र 8 साल की नायरा विलक्षण प्रतिभा की धनी है जिसने कम उम्र में ये खिताब जीतकर सबको आश्चर्य चकित कर दिया। प्रधानाचार्य मनोज कुमार पांडे ने नायरा और उनके माता-पिता को बहुत-बहुत बधाई दी। और आगे भी इसी प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

विकास के मामले में मॉडल के रूप में उभरकर सामने आया जिले का गांव जांबा

डीसी प्रशांत पंवार और एसपी उपासना को सम्मानित करते जांबा के पदाधिकारी।

कैथल / पूंडरी। डीसी प्रशांत पंवार एवं एसपी उपासना ने जाम्बा गांव का दौरा किया और वहां पर किए गए विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने गांव में बनाए गए चिल्ड्रन पार्क का उद्घाटन किया और वहां पर पौधारोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने गांव में ग्राम पंचायत द्वारा गांव वासियों के सहयोग से गांव में किए गए विकास कार्यों की सराहना की और ग्राम वासियों को बधाई दी। डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि अगर सभी ग्राम वासी मिलकर काम करें तो एक अच्छा वातावरण बनता है। जांबा गांव में शहर की तर्ज पर सभी सुविधाएं, जैसे स्ट्रीट लाईट, सीसीटीवी कैमरा, पार्क, साफ-सफाई आदि मौजूद हैं। गांव को देखकर ऐसा लगता है, जैसे आप किसी सेक्टर में रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि जांबा गांव विकास के मामले में जिला में एक मॉडल के रूप में उभरकर सामने आया है। अन्य ग्राम पंचायतों को भी इस गांव से प्रेरणा लेनी चाहिए। जांबा गांव के सरपंच लाभ सिंह ने बताया कि उन्होंने रूरल डवेलपमेंट सोसायटी बनाई हुई है। इस सोसायटी के तहत गांव वासियों ने मिलकर बच्चों के चिल्ड्रन पार्क बनाया है। इसके अलावा इस सोसायटी के तहत जांबा गांव सहित कस्बे के लगभग 55 गांवों को अडोप करके साफ सफाई का कार्य किया जाता है। गांव में चार-पांच गेट हैं। रात को चार गेट बंद कर दिए जाते हैं और गेट पर खुला रहता है जहां पर एक चौकीदार को तैनात किया गया है।

आस्था आषाढ़ गुप्त नवरात्रि 6 से 15 जुलाई तक, करें मातृशक्ति की उपासना

पूर्ण आस्था से मां की पूजा अर्चना करें: रवि दत्त शास्त्री

अश्वनी खुराना ▶▶| पूंडरी

हिंदू धर्म में चैत्र व शारदीय नवरात्रि प्रमुख रूप से मनाए जाते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि इनके अलावा माघ और आषाढ़ मास में भी नवरात्रि आते हैं, जिन्हें गुप्त नवरात्रि के नाम से जाना जाता हैं। पंडित रवि दत्त नें बताया की इस बार आषाढ़ गुप्त नवरात्रि 6 जुलाई से 15 जुलाई 2024 तक रहेंगे 7 आवश्यकता है कि पूर्ण श्रद्धा और आस्था से मां की पूजा अर्चना करने की और हृदय से उनके प्रति समर्पण करने की यह तम का नाश कर 'योति स्वरूप जीवन में प्रकाश भर देती है द्य यह अभय प्रदान करने वाली अकाल मृत्यु हारने वाली वह सभी रोगों को दूर करने वाली है द्य समूचा जगत उन्हें मां कहकर पुकारता है तो भला ये अपने बच्चों की पुकार को अनसुना करेगी क्या कभी नहीं इसलिए पूरे मन से मां की आराधना करो और मन वंचित फल के अधिकारी बनो यही प्रार्थना है मां दुर्गा आपके स्वपन इच्छाएं प्रतिबद्धता पूर्ण हो शुभ हो कर्मों में वृद्धि हो।

आषाढ़ गुप्त नवरात्रि घट स्थापना का दिन व शुभ मुहूर्त

आषाढ़ गुप्त नवरात्रि 06 जुलाई 2024 शनिवार से प्रारंभ हो रहे हैं। ऐसे में घट स्थापना इस दिन की जाएगी द्य घट स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 5ः47 मिनट से सुबह 10ः10 मिनट तक है। अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11ः 47 मिनट से 12ः31 मिनट तक होगा। इस दौरान 10 महाविद्याओं मां काली, तारा देवी, त्रिपुर सुंदरी, भुवनेश्वरी, माता छिन्नमस्ता, त्रिपुर भैरवी, मां धुमावती, मां बंगलामुखी, मातंगी और कमला देवी की पूजा अर्चना की जाती हैं।

आपकी चेतना शक्ति जागृत रहे ऐसी कामना लें

2. मां दुर्गा की प्रतिमा या मूर्ति स्थापित कर लाल रंग का सिंदूर और चुनरी अर्पित करें।
3. इसके बाद मां दुर्गा के चरणों में पूजा सामग्री को अर्पित करें।
4. मां दुर्गा को लाल पुष्प चढ़ाना शुभ माना जाता है।
5. सरसों के तेल से दीपक जलाकर दुं दुर्गायै नमः मंत्र का जाप करना चाहिए।

प्रतिपदा तिथि को माता को घी का भोग लगाएं

इससे रोगी को कष्टों से मुक्ति मिलती हैं एवं शरीर निरोगी होता है।
द्वितीया तिथि को माता को शक्कर का भोग लगाएं। इससे उम्र लंबी होती है।
तृतीया तिथि को माता को दूध का भोग लगाएं। इससे सभी प्रकार के दुःखों से मुक्ति मिलती है। चतुर्थी तिथि को माता को मालपुआ का भोग लगाएं। इससे समस्याओं का अंत होता है। पंचमी तिथि को माता को केले का भोग लगाएं। इससे परिवार में सुख-शांति बनी रहती है। षष्ठी तिथि को माता को शहद का भोग लगाएं। इससे धन लाभ होने के योग बनते हैं । सप्तमी तिथि को माता को गुड़ का भोग लगाएं। इससे हर मनोकामना पूरी हो सकती है। अष्टमी तिथि को माता को नारियल का भोग लगाएं। इससे घर में सुख-समृद्धि आती है। नवमी तिथि को माता को विभिन्न प्रकार के अनाज का भोग लगाएं। इससे वैभव व यश मिलता है।

खबर संक्षेप

स्वास्थ्य कर्मियों ने राजपुरा में चलाया फीवर मास सर्वे

जींद। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामराय के अंतर्गत राजपुरा गांव में स्वास्थ्य सुपरवाइजर जगदीश के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मियों ने घर-घर जाकर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा फीवर मास सर्वे किया। स्वास्थ्य कर्मियों की टीम द्वारा घर के टंकी, कूलर, होदी, फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रेए छतों पर पड़े कबाड़ में मच्छर के लार्वा की जांच की।

दिलबाग पांचाल को सौंपा नियुक्ति पत्र

उचाना। हरियाणा भवन एवं अन्य संनिर्माण कामगार संघ की बध्देक हुई। मुख्य अतिथि के तौर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकुर पहुंचे। अध्यक्षता एडवाइजर चांदीराम ने की। तहसील प्रधान बने दिलबाग पांचाल को नियुक्त पत्र सौंपा गया। ठाकुर ने कहा कि किसी भी श्रमिक का कोई काम हो उसको तुरंत करने की कोशिश करनी चाहिए।

आमजन को नशा न करने के बारे में किया जागरूक

कैथल। एसआई कर्मबीर सिंह,एएसआई ओमप्रकाश, एचसी सुनील कुमार, महिला सिपाही रीतु तथा होमगार्ड गुरदेव की टीम द्वारा कलायत, दुब्बल, कुराड़, सिणद,धनौरी, पाडला व बरटा में आमजन को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान पुलिस टीम द्वारा जानकारी दी गई कि नशा एक सामाजिक बुराई है।

संत कबीर महासभा का चुनाव 21 को

जींद। संत कबीर महासभा जींद की नई कार्यकारिणी का गठन करने के लिए चुनाव अधिकारी द्वारा चुनाव का शेडयूल जारी कर दिया गया है। उप प्रधान सतबीर लाडवाल ने बताया कि 21 जुलाई को विभिन्न पदों के लिए मतदान करवाया जाएगा। मतदान का समय सुबह 9 बजे से सायं चार बजे तक का रहेगा। मतदान खत्म होते ही वोटों की गिनती की जाएगी।

क्रेच वर्कर और हैल्पर यूनियन करेगी 11 को प्रदर्शन

जींद। क्रेच वर्कर्स एंड हैल्पर यूनियन हरियाणा की जिला स्तरीय बैठक रा'य प्रधान सुशील की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वर्करों की लंबित मांगों एवं समस्याओं को लेकर चर्चा करते हुए 11 जुलाई को जिला मुख्यालय पर होने वाले प्रदर्शनों में भाग लेने का निर्णय लिया गया।

यूजी के दाखिलों के लिए अधिसूचना जारी की

जींद। स्नातक प्रथम वर्ष के साथ-साथ उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने स्नातक द्वितीय और अंतिम वर्ष के दाखिलों को लेकर भी अधिसूचना जारी कर दी है। पोर्टल के माध्यम से आठ जुलाई से विद्यार्थियों को दखिले दिए जाएंगे। दाखिले के लिए प्रक्रिया 30 जुलाई तक चलेगी। इस अवधि तक विद्यार्थियों बिना किसी लेट फीस के दाखिला ले सकते हैं। दाखिला लेने पर विद्यार्थियों को लेट फीस का भुगतान करना होगा। जारी पत्र में कॉलेज प्रबंधकों को भी कोर्स फीस, विषय संयोजन पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं लेट फीस को लेकर भी दो अवधि रखी गई हैं।

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय में एनएसएस स्वयंसेवकों को मेरिट सर्टिफिकेट वितरित किए

पूंडरी। चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय पूंडरी में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एनएसएस स्वयं सेवकों को मेरिट सर्टिफिकेट वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. अमिता राणा ने भाग लिया। उन्होंने स्वयं सेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र जीवन में सामाजिक कार्य करने का एनएसएस एक सशक्त माध्यम है। एनएसएस के लगने वाले शिविरों में अलग-अलग क्षेत्रों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसके अलावा जीवन में आने वाली कठिनाइयों और समस्याओं से कैसे निपटा जाए इसके लिए जानकारी मिलती है। विपरीत परिस्थितियों में किस प्रकार से राष्ट्र व समाज की सेवा की जा सके इसकी भी जानकारी विभिन्न एक्सपर्ट के द्वारा मिलती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

तीन दिन में 250 से अधिक ऑपरेशन हो गए थे पेंडिंग

निजी अस्पतालों में आयुष्मान व चिरायु कार्ड पर इलाज शुरू

- सरकार के लिखित निर्णय पर आईएमए ने आप्रेशन न करने के फैसले को लिया वापस
- एक-एक कर सभी आप्रेशनों को किया जाएगा : डा. मनोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

आयुष्मान पैनलों के अस्पतालों ने सरकार द्वारा जल्द बकाया का भुगतान किए जाने व शिकायतों का निपटान करने का आश्वासन दिए जाने के बाद वीरवार से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने आयुष्मान व चिरायु कार्ड के तहत आप्रेशन व अन्य चिकित्सा सुविधाओं को फिर से शुरू कर दिया है।

पिछले तीन दिन से आप्रेशन न होने के चलते कार्ड धारकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। तीन दिन में ही 250 से अधिक आप्रेश पेंडिंग हो गए थे। कार्ड धारक कभी नागरिक अस्पताल तो कभी निजी अस्पतालों के चक्कर काट रहे थे लेकिन नागरिक अस्पताल में लंबी प्रक्रिया व निजी अस्पतालों में आप्रेशन का मोटा खर्च इनके बस से बाहर था। ऐसे में ये लोग आईएमए के निर्णय को वापस लेने का इंतजार कर रहे थे।

जींद। निजी अस्पतालों पर लगे आयुष्मान बोर्ड के बैनर, जहां अब आप्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। फोटो :हरिभूमि

पैनल पर कुल 18 निजी अस्पताल

जींद में कुल 11 अस्पताल सरकारी तथा 18 निजी अस्पताल आयुष्मान पैनल पर हैं। इन निजी अस्पतालों में प्रतिदिन लगभग सौ आप्रेशन होते हैं। जिला में डेढ़ लाख से अधिक लोगों के आयुष्मान व चिरायु कार्ड भी बने हुए हैं। निजी अस्पतालों ने करोड़ों रुपये का बकाया सरकार की तरफ होने के चलते गत एक जुलाई से आप्रेशन के लिए अपने हाथ खड़े कर दिए थे। ऐसे में आयुष्मान व चिरायु कार्ड धारकों के समक्ष भारी समस्या खड़ी हो गई थी।

अब वीरवार से आईएमए ने आप्रेशन व अन्य स्वास्थ्य सबंधित उपचार प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिससे कार्ड धारकों को राहत मिली है।

आईएमए ने स्पष्ट किया कि आगामी 15 जुलाई तक सरकार ने पेमेंट का समय दिया है। अगर 15 जुलाई तक उनका बकाया भुगतान कर दिया जाता है तो ठीक है, नही तो उन्हें और सख्त कदम उठाने को मजबूर होना पड़ेगा।

जींद के अस्पतालों के सात करोड़ रुपये बकाया

आईएमए के प्रधान डा. मनोज ने बताया कि निजी अस्पतालों का पूरे हरियाणा का लगभग 300 करोड़ रुपये से ज्यादा का सरकार पर बकाया है। जबकि जींद के अस्पतालों का लगभग सात करोड़ है। जिसका पिछले तीन महीनों से भुगतान नही किया गया है। भुगतान समय पर नहीं मिल पाने के चलते निजी अस्पतालों पर भी आर्थिक संकट आ गया है और प्रदेश कार्यकारिणी के निर्णयानुसार आयुष्मान व चिरायु कार्ड पर आप्रेशन करने बंद कर दिए थे। वहीं पिछले छह साल से मरीजों के इलाज का रेट भी सरकार द्वारा बढ़ाया नहीं गया है, जबकि महंगाई के कारण इलाज का खर्च लगातार बढ़ता जा रहा है, ऐसे में अस्पतालों की ऐसी मजबूरियां हो गई हैं वे पुराने रेट पर इलाज कर पाने में सक्षम महसूस नहीं कर रहे हैं। वहीं जो पोर्टल वार्ता के लिए बनाया गया है वो भी सही तरीके से काम नही कर रहा है। चिकित्सक पोर्टल पर मेल कर-कर थक चुके हैं लेकिन कोई जवाब नही मिलता है।

उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया था : सीएमओ

नागरिक अस्पताल के सीएमओ डा. गोपाल गोयल ने बताया कि निजी अस्पतालों द्वारा आयुष्मान व चिरायु कार्ड के पात्र लोगों के आप्रेशन न किए जाने बारे उच्च अधिकारियों को अवगत करवा दिया गया था। सरकारी अस्पतालों में आयुष्मान व चिरायु कार्ड धारकों के आप्रेशन किए गए हैं। अब आयुष पैनल के अस्पतालों में भी आप्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। ऐसे में कार्ड धारक पहले की तरह ही आयुष्मान पैनल अस्पतालों में आप्रेशन करवा सकते हैं।

सफाईकर्मियों ने आंदोलन किया शुरू

- नगर परिषद में डोर टू डोर सफाई कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करने पर रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत में एक बार फिर से नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले डोर टू डोर सफाई कर्मियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का बिगुल फूंक दिया है। इसकी वजह कैथल नगर परिषद में बड़े पैमाने पर इस वर्ग के सफाई कर्मचारियों की सेवाएं समाप्त करना है।नगर पालिका कार्यालय परिसर में धरने पर बैठे सफाई कर्मचारियों ने शासन और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। अनमोल, जॉनी, सोहन, आकाश, मोहन, राजेश और रवि ने कहा कि डोर टू डोर सफाई कर्मियों को बार-बार सेवाएं समाप्त करने का डर दिखाया जाता।जबकि वर्दी, दस्ताने, जूते, साबुन और जरूरत के अनुसार सफाई संसाधन उन्हें उपलब्ध नहीं करवाए जा रहे। हालात इस कदर खराब है कि कचरा ढुलाई के जो वाहन दिए गए हैं वे खस्ता स्थिति में है। इनसे सफाई करना जोखिम भरा कार्य है। फिर भी वे सफाई कार्य को पूरा करते आए हैं। सेवा समाप्त करने का आखिरकार क्या मतलब हैं?

कलायत। कलायत नगर पालिका मुख्य द्वार पर नारेबाजी करते डोर टू डोर सफाई कर्मी।

योग प्रशिक्षण लेकर स्वयं और अपने परिवार को स्वस्थ व संस्कारित बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति गुहला चीका की ओर से ताऊ देवीलाल पार्क चीका में 21 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के 20 वें दिन बतौर मुख्यातिथि प्रमुख समाजसेवी एवं पतंजलि योग समिति गुहला प्रभारी चरणदास गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित किया। प्रशिक्षण शिविर का संचालन कर रहे पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी एवं आचार्य हरिओम शोकल ने बताया की योग ऋषि स्वामी रामदेव महाराज के पावन प्रयासों से सम्पूर्ण विश्व में योग एवं आयुर्वेद का झंडा लहरा रहा है। सम्पूर्ण मानवजाति के स्वास्थ्य संरक्षण व कल्याण के लिए महर्षि पतंजलि के अष्टांग योग को हर-घर, हर-गली, गांव-गांव, ढाणी-ढाणी, नगर-नगर में पहुँचाने के लिए चीका में 15 जून से 5 जुलाई तक 21 दिवसीय सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर चल रहा है। इस शिविर में 25 से अधिक सहयोग शिक्षकों को तैयार करने का लक्ष्य रखा गया है। पतंजलि योग समिति गुहला प्रभारी चरणदास गुप्ता ने बताया की योग सभी के लिए लाभदायक है। अधिक से अधिक संख्या में युवाओं व बहिनों को योग प्रशिक्षण लेकर स्वयं व अपने परिवार को स्वस्थ व संस्कारित बनाकर राष्ट्र सेवा में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने बताया की संयमित जीवन के लिए, तनाव दूर करने व सभी तरह के अवसाद व रोगों को दूर करने में योग बहुत उपयोगी है।

गुहला-चीक। पतंजलि योग समिति गुहला प्रभारी चरणदास गुप्ता दीप प्रज्ज्वलित करते हुए।

बुलेट बाइक से पटाखे बजाकर दहशत फैलाने वालों पर शिकंजा

- जून माह में कुल 2277 वाहनों के चालान काटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

ट्रैफिक एसएचओ एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में ट्रैफिक पुलिस की अलग -अलग टीम बनाकर ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों के चालान काटे जा रहे है तथा साथ साथ आमजन को ट्रैफिक नियमों की पालना करने बारे भी जागरूक किया जा रहा है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एसपी उपासना के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा बुलेट बाइक से पटाखे की आवाज निकालकर क्षेत्र में दहशत पैदा करने वाले तथा मॉडिफाइड साइलेंसर युक्त बुलेट पर विशेष तौर पर पैनी नजर रखी जा रही है। इस दौरान जून माह दौरान एसी बुलेट बाइको के 42 चालान किए गए है। प्रवक्ता ने बताया कि जून माह के दौरान यातायात पुलिस ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने वालों से काफी सख्ती से पेश आई। माह के दौरान यातायात पुलिस द्वारा ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना करने के मामले में 33 इम्पाउंड व्हीकलों सहित कुल 2277 चालान किए गए।

जन-जन का है नारा, मलेरिया मुक्त हो प्रदेश हमारा

- गांव राजपुरा में टीम ने घर-घर जाकर फीवर मास सर्वे किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामराये के तहत गांव राजपुरा में स्वास्थ्यकर्मियों की टीम ने स्वास्थ्य सुपरवाइजर जगदीश के नेतृत्व में घर-घर जाकर फीवर मास सर्वे किया। टीम द्वारा घर के टंकी, कूलर, होदी, फ्रिज के पीछे लगी वेस्ट ट्रे, छतों पर पड़े कबाड़ में मच्छर के लार्वा की जांच की और सर्वे के दौरान जिसको बुखार पाया गया, उसकी रक्त पट्टिका बनाई गई। एमपीएचडब्ल्यू कुलदीप ने बताया कि मलेरिया बुखार संक्रमित मादा एनाफलिज मच्छर के काटने से होता है। जोकि दूषित पानी में अपना जीवनचक्र पूरा करता है। मलेरिया में सर्दी व कंपन के साथ तेज बुखार आता है। इसके बाद गर्मी लगती है और पसीने के साथ बुखार उतर जाता है। पूरे शरीर में थकावट रहती है। हर रोज या एक दिन छोड़ कर या तीसरे दिन बुखार आना मलेरिया हो सकता है। बुखार आने पर तुरंत रक्त की जांच करवानी चाहिए व अपना नियमित इलाज लेना चाहिए। स्वास्थ्यकर्मियों ने बचाव के तरीके बताते हुए कहा कि सुबह शाम शरीर को कपड़ों से पूरी तरह ढक कर रखें। अपने घरों के आसपास पानी इकट्ठा न होने दें। सप्ताह में एक दिन ड्राई-डे अवश्य मनाएं अर्थात पानी के बर्तनों, कूलर, फूलदान, होदी आदि को खाली करके एक दिन सुखाने के बाद ही पानी भरें, अपने घरों में रखें फ्रिज की वेस्ट ट्रे को सप्ताह में एक बार अवश्य साफ करें। छतों पर पड़े कबाड़, मटके, टायर, बोतल, ढक्कन आदि को उठा दें ताकि उसमें बरसात का पानी एकत्रित न हो। टंकी व कूलर के पानी को सप्ताह में एक बार जरूर बदलें।

जींद। रक्त के सैंपल लेते हुए स्वास्थ्यकर्मी।

पंचायती राज संस्थाओं को मजबूत कर ग्राम विकास को दिया बढ़ावा

पूंडरी। भाजपा महिला जिलाध्यक्ष अनिता चौधरी डुलयानी ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बिना किसी भेदभाव के कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने गांवों में पंचायती राज को मजबूत करने के साथ-साथ ग्राम विकास को बढ़ावा दिया है। सरकार ने ई-टेंडरिंग में 5 लाख सालाना के स्थान पर 21 लाख रुपए सालाना विकास कार्य में खर्च करने का रास्ता प्रशस्त किया हैं। अनिता चौधरी अपने जनसंपर्क अभियान के दौरान ग्रामीणों को नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सरकार जन हितैषी योजनाओं की जानकारी दे रही थी।

प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाण पत्र बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

भारत विकास परिषद फतेहपुर-पूंडरी की तरफ से चलाए जा रहे सिलाई सेंटर में महिलाओं व लड़कियों को प्रमाण पत्र दिए गए। कार्यक्त्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व नगरपालिका चेयरमैन संतोष खुराना ने भाग लिया। कार्यक्त्रम की शुरुआत वंदे मातरम से की गई। उसके बाद शाखा अध्यक्ष ने संस्था के कार्यक्त्रमों के बारे में जानकारी दी और वशिष्ठ अतिथि का धन्यवाद किया। कार्यक्त्रम में जिनका तीन महीने का कोर्स पूरा हो गया था, उनको सर्टिफिकेट दिए गए। संतोष खुराना ने सभी महिलाओं को आत्मनिर्भर होने के बारे में बताया और सभी के स्टिच किए हुए डिजाइन, सूट और बैगों का निरीक्षण कर उनकी तारीफ की। संस्था की महिला शक्ति ने संतोष खुराना को और सिलाई सिखाने वाली ट्रेनर अंजू को संस्था की तरफ से शील्ड देकर समान किया। महिला सहभागिता प्रमुख निधि मोहन ने संस्था द्वारा सेवा पखवाड़ा के तहत एक सप्ताह 10 जुलाई तक निशुल्क मेहंदी प्रशिक्षण केंद्र के बारे में बताया। जिसमें कोई भी महिला व लडकी बिना फीस के मेहंदी सीख सकती है। कार्यक्त्रम के अंत में सभी को अल्पाहार दिया गया। कार्यक्त्रम में शाखा अध्यक्ष प्रवीण मित्तल, संरक्षक विनोद बंसल, महिला संयोजक निधि मोहन, जिला संयोजक हर्ष सेठी, संगठन सचिव डॉ राजेश कुकरेजा, बबीता सिंगला, वंदना सिंगला, ममता गर्ग, मंजू पटपटिया, वंदना मित्तल आदि उपस्थित रहे।

सिलाई सेंटर में प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को प्रमाण पत्र देते हुए शाखा सदस्य।

आईटीआई में रिक्त सीटों पर होगा दाखिला

जींद। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में पहली मेरिट लिस्ट में आए छात्रों में से कुल 274 छात्रों ने ऑनलाइन फीस भर कर अपनी सीट सुनिश्चित कर ली है। जो भी विद्यार्थी किसी कारणवश फीस नही भर पाया या दस्तावेज की जांच नही करवा पाया है, उन विद्यार्थियों के लिए विभाग द्वारा पोर्टल को फिर से खोल दिया गया है।

इसके अंदर विद्यार्थी (लड़के) 500 रुपये व लड़की 250 रुपये जुर्माना फीस भर कर चार से छह जुलाई तक अपना फार्म ऑनलाइन दोबारा ओपन कर उसको भर सकता है। अगर विद्यार्थी अपने फार्म को दोबारा रिओपन नही करता है तो वह दूसरी मैरिट सूचि में भाग नही ले पाएगा। विभाग द्वारा दूसरी मैरिट लिस्ट नौ जुलाई को लगाई जाएगी।

आशा वर्कर्स को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अलेवा

उप सिविल सर्जन मलेरिया जींद डा. बिजेंद्र ढांडा के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग ने नगूरां पीएचसी में एंटी डेंगू माह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा व ब्लाक आशा कोर्डिनेटर सरिता ने की। इस दौरान आशा वर्करों को जागरूक किया गया। आशा वर्करों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य निरीक्षक ने कहा कि डेंगू व चिकन गुनिया फैलाने वाला एडिज मच्छर दिन के समय काटता है व रूके हुए साफ पानी में ही पनपता है। जिससे बचाव के लिए संडे को ड्राई- डे के रूप में मनाए। घरों के आसपास गंदे पानी को ठहराव न होने दें। पूरी बाजू के कपड़े पहने, मच्छरदानी का प्रयोग करें, मच्छर भगाने वाली क्रीम, सप्ताह में एक दिन होदी, कूलर, टंकी, फ्रीज की ट्रे की सफाई करें। पुराना सामान, जैसे टायर, ट्यूब, खाली डिब्बे, पोलीथीन के लिफाफे, नारियल के खोल खुले में न फैंके ताकि बरसात का पानी उनमें इक्कठा न हो। मच्छर भगाने वाली क्रीम का उपयोग करें। अपने घरों में खिड़की व दरवाजों पर जाली लगवाएं। बुखार होने पर तुरंत अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर खून की जांच करवाएं। डेंगू के लक्षण अचानक तेज बुखार होना, सिर दर्द, आंखों में दर्द होना, शरीर पर लाल दाने होने व उल्टी आना आदि है।

जींद। नगूरां पीएचसी में आशा वर्कर्स को जागरूक करते स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा व बीएसी सरिता। फोटो :हरिभूमि

कार्यक्रम डीसी ने सरपंच एसोसिएशन के खंड प्रधानों के साथ किया पेयजल समस्या को लेकर मंथन

जनस्वास्थ्य अधिकारी सरपंचों से मिलकर जानेंगे समस्याएं

- ग्रामीणों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल मुहैया करवाना हो सुनिश्चित : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने वीरवार को स्थानीय खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय के सभागार में जिला के सरपंच एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। उन्होंने विशेषतौर पर गांवों में पेयजल आपूर्ति की स्थिति के बारे में जानकारी ली। इस पर सरपंच एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने डीसी को गांवों में स्वच्छ व पर्याप्त मात्रा में पेयजल आपूर्ति नहीं होने की समस्या रखी। डीसी ने बैठक में मौजूद जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे तुरंत प्रभाव से प्रत्येक गांवों में पेयजल आपूर्ति में आ रही रूकावटों की रिपोर्ट तैयार करें ताकि उसके समाधान के लिए उचित कार्रवाई करें। उन्होंने सख्त निर्देश दिए ग्रामीणों को स्वच्छ और पर्याप्त पेयजल मुहैया करवाना सुनिश्चित करें। काम में कोताही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान सरपंच प्रतिनिधियों ने डीसी के सामने समस्या रखते हुए बताया कि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जब भी पेयजल लाइन के लिए गली उखाड़ी जाती है तो उसे पेयजल लाइन डालने के बाद दुरूस्त नहीं किया जाता है, ऐसे में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जब भी पेयजल लाइन डाली जाए तो गलियों को उसी के साथ.साथ दुरूस्त किया।

इसी प्रकार से सरपंच एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने डीसी को जानकारी देते हुए कि गांव में किसी क्षेत्र में तो पानी व्यर्थ बहता है और कहीं पर पेयजल पहुंच नहीं रहा है। एक तरफ पेयजल नहीं मिलने पर लोगों को दिक्कत आ रही है तो वहीं पानी व्यर्थ बहने से गलियों में कीचड़ का आलम बनता है।

जींद। सरपंचों की समस्याएं सुनते हुए डीसी।

पेयजल समस्याएं जल्द सुलझाने के निर्देश

डीसी ने सरपंच एसोसिएशन के प्रधानों की समस्याओं को बड़ी गंभीरता से जाना। डीसी ने जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि वे अतिशीघ्र ग्राम पंचायतों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति में आ रही समस्याओं का पता लगाकर उनका जल्द से जल्द समाधान करवाना सुनिश्चित करें। इसके लिए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता खंड स्तर पर सरपंच एसोसिएशन के प्रधान के साथ तथा एसडीओ और जेई तीन-चार गांवों का कलस्टर बनाकर सरपंचों के साथ बैठक समस्याएं जानेंगे। उन्होंने कहा कि अधिकारी जमीनी स्तर पर कार्य करें। गांव की वास्तविक समस्याओं के कारण व निवारण के बारे में भी ग्रामीणों को ही जानकारी होती है।